# बाबा तो सबसे प्यारा है | By Vasundhara Goswami

चाहे पूछो धरा गगन से चाहे पूछो अग्नि पवन से
चाहे पूछो गुल गुलशन से चाहे पूछो चाँद किरण से
बाबा तो सबसे प्यारा है हारे का सहारा है

इतना सुन्दर है मुखड़ा बिन देखे रहा ना जाए
जो भी देखे जी भर के वो देखता ही रह जाए
करुणा बरसे नैनन से चाहे पूछो धरा गगन से
चाहे पूछो अग्नि पवन से चाहे पूछो गुल गुलशन से
बाबा तो सबसे प्यारा है हारे का सहारा है

बाबा के गले में सोहे फूलों का सुन्दर बागा
सर मोर मुकुट सोने का सोने पर करे सुहागा
लगे सुन्दर सब देवन से चाहे पूछो धरा गगन से
चाहे पूछो अग्नि पवन से चाहे पूछो चाँद किरण से
बाबा तो सबसे प्यारा है हारे का सहारा है

देखि है मैंने जबसे बाबा की सूरत प्यारी
कहे राज अनाड़ी तबसे हुई वसुंधरा बलिहारी
बाबा को रिझाए भजन से चाहे पूछो चाँद किरण से
चाहे पूछो जल पवन से चाहे पूछो फूल चमन से
बाबा तो सबसे प्यारा है हारे का सहारा है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-vasundhara-goswami/